an>

Title: Need to commence work of the Jammu-Poonch railway line.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : महोदया, मैं आपका आभार प्रकट करता हूँ कि आपने एक बहुत ही गम्भीर मुद्दे को उठाने का मुझे मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर की तरफ ले जाना चाहता हूँ और खास तौर पर जम्मू से लेकर पुंछ तक हमारे जितने भी जिले हैं, यहाँ पर बहुत बड़ी संख्या है और ये सीमावर्ती क्षेत्र के साथ लगते हुए जिले हैं। यहाँ पर रेल की सुविधा नहीं है। रेल लाइन बिछाने का सर्वे काफी समय पहले से हुआ पड़ा है, लेकिन अभी तक यहाँ रेल लाइन बिछाने का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय और सरकार से यह प्रार्थना है कि ये जो चार जिले हैं, जो सीमावर्ती क्षेत्र के साथ लगते हैं, यहाँ रेल लाइन बिछाने का काम जल्द प्रारम्भ किया जाए ताकि यहाँ पर लोगों को आने-जाने की सुविधा मिले। इसके साथ ही बॉर्डर एरिया में आर्मी की एक्टिविटीज रहती हैं, उनका यहाँ आना-जाना रहता है, इससे आर्मी को भी सुविधा होगी और बाकी जितनी भी सुविधाएं हैं, वे वहाँ के लोगों को मिल सकें, यह मेरी आपसे प्रार्थना है।

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Chandra Prakash Joshi are allowed to associate with the matter raised by Shri Jugal Kishore.